आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

15.07.2024 समय : 1850

- पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई अपनाओ—बीमारी भगाओ स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी उन्नीस जुलाई को सीयूइटी—यूजी के प्रभावित उम्मीदवारों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करेगा।
- भारतीय विमानन प्राधिकरण की ओर से तीन दिवसीय हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- अंडमान निकोबार पुलिस ने वित्तीय साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहने और उसके झांसे में न आने का अनुरोध किया है।
- द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से शहर के विभिन्न वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। सफाई अपनाओ—बीमारी भगाओ अभियान के तहत सफाई कर्मियों ने सड़के, सार्वजनिक स्थानों, नालों, फुटपाथों और झाड़ियों की सफाई की, ताकि शहर को साफ—सुथरा बनाए रखा जा सके। इस अभियान के दौरान तीन हजार किलो से अधिक कचरे एकत्र किए गए। परिषद के सचिव अमित काले ने आम जनता से अनुरोध किया है कि खुले में कचरे न फेंके। कचरों को अलग—अलग करके इन्हें आगे की उचित निपटान के लिए सफाई कर्मियों को सौंपे और शहर को साफ—सुथरा बनाए रखने में अपना योगदान दें।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा—सीयूइटी—यूजी के प्रभावित अभ्यार्थियों के लिए उन्नीस जुलाई को दोबारा परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है। यह परीक्षा कम्प्यूटर आधारित होगी। प्रभावित विद्यार्थियों की संख्या एक हजार से अधिक है। एनटीए ने बताया है कि विषय कोड का उल्लेख करते हुए उन्हें ईमेल भेज दिया गया है और जल्द ही परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिये जाएंगे। एनटीए ने कहा कि विशेषज्ञों से मिले परामर्श के आधार पर उत्तर कुंजिका तैयार की जा रही है और इसे आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकेगा। प्रवेश परीक्षा मई महीने में तीन सौ उन्यासी शहरों में विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित हुई थी। इनमें छब्बीस केन्द्र देश से बाहर थे। पहली बार यह परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में ली गई थी। अस्थाई उत्तर पुंजिका सात जुलाई को जारी की गई थी और नौ जुलाई तक इस पर आपत्तियां मांगी गई थी। एनटीए ने कहा था कि यदि परीक्षा संचालन के बारे में कोई शिकायत सही पाई जाती है, तो प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए दोबारा से परीक्षा आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय विमानन प्राधिकरण तीन दिवसीय हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करेगा। हवाई अड्डे परिसर में अट्ठारह जुलाई से बीस जुलाई तक आयोजित होने वाला यह शिविर आम जनता के लिए निशुल्क होगा। दिन में साढ़े दस बजे से शाम साढ़े चार बजे के बीच शिविर लगेगा। पंजीकरण के लिए दिए गए लिंक के अलावा जारी किए गए व्हाट्सऐप नम्बर पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पहले पंजीकरण कराने वालों की जांच की जाएगी। हवाई अड्डा निदेशक देवेन्दर यादव ने कहा कि इस शिविर का

उद्देश्य हृदय रोग से पीड़ित लोगों की जांच करना है, ताकि वे एक स्वस्थ जीवनशैली अपना सके। समय पर उपचार जीवन बचाने में महत्वपूर्ण होता है।

<><><><><><>

तपेदिक और इससे ग्रसित मरीजों को सहयोग देने के लिए टी एस जी चैरीटेबल फाउंडेशन की ओर से दिलानीपुर, हैडो और डेरीफार्म के शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों में उपचार प्राप्त कर रहे इक्कीस तपेदिक के मरीजों को पोषण सामग्रियों का वितरण किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष टी एस जी भास्कर ने शहरी केन्द्रों के डॉक्टर और कर्मचारियों की उपस्थिति में सामानों का वितरण किया।

उधर, दिव्यांगजनों को सहायता पहुंचाने के लिए सी आर सी की ओर से दिव्यांगजनों को उपकरणों का वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न केन्द्रों के बच्चों और वृद्धजनों में इसका वितरण हुआ। करीब पच्चीस लाभार्थियों को उपकरण दिए गए।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने वित्तीय साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहने और उसके झांसे में न आने का अनुरोध किया है। पुलिस ने कहा है कि अपराधी फर्जी नौकरी का एस एम एस भेजकर साइबर अपराध कर रहे हैं। इसके लिए वे ऑनलाइन विज्ञापन देते हैं और नौकरियां प्रदान करने का लालच देते हैं। घर से ही काम करके कम समय और मेहनत में अधिक पैसा कमाने की लालच दिया जाता है। धोखाधड़ी के लिए साइबर अपराधी एक नौकरी देने वाले या भर्तीकर्ता की भूमिका निभाता है तथा नौकरी चाहने वालों से पूर्व में कुछ पैसे देने की मांग करता है। पुलिस ने इस संबंध में परामर्श जारी करते हुए लोगों से किसी भी अज्ञात लोगों द्वारा भेजे गए मैसेज या ई–मेल के माध्यम से आकर्षित नौकरी के प्रस्ताव वाले विज्ञापनों से बचने को कहा है। धोखाधड़ी से बचने के लिए नौकरी का प्रस्ताव लेने वाली कम्पनी की विशेषज्ञता की जांच कर लें। पंजीकरण या अन्य मामले में कोई भुगतान करने से पहले काम देने वाले की प्रमाणिकता की पुष्टि करें और भुगतान से बचें। धोखाधड़ीकर्ता आमतौर पर किसी भी कार्य को शीघ्र करने का अनुरोध करता है। पुलिस ने ऐसे अनुरोधों की भी जांच करने की सलाह दी है। सहायता, जानकारी और पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना से राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर एक नौ तीन शून्य या पुलिस की साइबर हेल्पलाइन नम्बर नौ पांच तीन एक आठ पांच छः शून्य आठ तीन पर संपर्क करने की सलाह दी है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इक्कीस दशमलव आठ मिलीमीटर, लांग आइलैंड में अट्ठारह, पोर्ट ब्लेयर में तेरह दशमलव सात, मायाबंदर में तेरह, ननकौड़ी में पांच दशमलव दो, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में तीन दशमलव चार और कार निकोबार में एक दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि अंडमान द्वीप के एकाध भागों में भारी वर्षा होगी और सत्रह जुलाई को द्वीपसमूह के एकाध भागों में भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। इस दौरान समुद्र काफी अशांत रहेगा। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को उन्नीस जुलाई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

ग्रामीण विकास पंचायती राज और शहरी विकास निकाय कार्यालय में राज्य पंचायत संसाधन केन्द्र में विभिन्न पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। डोमेन एक्सपर्ट पंचायत, डोमेन एक्सपर्ट संचार और विकास, डोमेन एक्सपर्ट आई टी के पदों के लिए उम्मीदवार की आयु चालीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। निर्धारित योग्यताधारक चुने जाने वाले उम्मीदवार को प्रतिमाह चालीस हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। ज़िला परियोजना प्रबंधक के

एक पद के लिए भी चालीस वर्ष आयु वर्ग तक के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं और उन्हें प्रतिमाह तैंतीस हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। ग्यारह महीने के लिए अनुबंध के आधार पर होने वाली नियुक्ति के लिए उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में जरूरी दस्तावेजों के साथ ग्रामीण विकास और पंचायत निदेशक के पते पर आवेदन कर सकते हैं। तीस जुलाई की शाम पांच बजे तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से पांच दिवसीय चेस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। सत्रह से इक्कीस जुलाई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में अंतर्राष्ट्रीय मास्टर नीरज कुमार मिश्रा चेस समिति की ओर से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी चेस एसोसिएशन से संपर्क कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**